वर्ल्ड एड्स डे 01.12.2020

एड्स क्या है?

• एड्स एक वायरल बीमारी है जो 'हुमन इम्यूनो डेफिशिएंसी वायरस' (एचआईवी) के कारण होती है।

• दुनिया में एचआईवी से संक्रमित: 3 करोड़ 80 लाख (2019 में)

• भारत में: 20 लाख लोग एचआईवी के साथ जी रहे हैं और 69,000 एड्स से संबंधित मौतों हुई हैं (www.avert.org, 2017)

• इस बीमारी का कोई स्थायी इलाज नहीं है, यह बीमारी आजीवन रहती है

WORLD AIDS DAY

एचआईवी कैसे फैलती है?

- कोई भी व्यक्ति, किसी भी उम्र के हों, पुरुष व महिला एचआईवी से संक्रमित हो सकते हैं
- असुरक्षित यौन संबंध से
- इस्तेमाल किये हुये इन्जेक्शन/सुई से:
  - नशा करते समय सुई दूसरों के साथ साझा करके
  - ब्लड टेस्ट / ब्लड चढ़ाना / इंजेक्शन के दौरान अगर एक से ज़्यादा लोगों में सुई इस्तेमाल हुआ हों
- एचआईवी संक्रमित गर्भवती माँ से बच्चे में (यदि वह इलाज पर नहीं है)

एड्स के लक्षण

- तेजी से वजन घटना
- बार बार बुखार व रात में पसीना आना, त्वचा पर इन्फेक्शन होना
- लम्बे समय तक गांठे निकलना- गले, बगल व शरीर के अन्य हिस्सों में
- दस्त जो एक सप्ताह से अधिक समय तक रहता है
- अत्यधिक थकान महसूस होना
- इनमें कुछ लक्षण टी.बी. में भी पाये जाते हैं व टी.बी. की मरीज़ों को एचआईवी होने का खतरा भी ज़्यादा होता हैं। इस लिए उपरोक्त कोई भी लक्षण दिखाई देने पर तुरंत अपनी नज़दीकी सरकारी स्वास्थ केंद्र में जाकर निःशुल्क टी.बी. व एचआईवी की जांच करवाना चाहिये।

एचआईवी कैसे नहीं फैलती है?

- **एचआईवी संक्रमित व्यक्ति के साथ रहने से**
- **घरेलू चीजों (बर्तन आदि) को इस्तेमाल करने से**
- **बात करने से, हाथ मिलाने से**

कुछ महत्वपूर्ण बातें:

- **एड्स का कोई स्थायी इलाज नहीं है, लेकिन इलाज़ के साथ एड्स संक्रमित व्यक्ति भी एक सामान्य जीवन जी सकते है।**
- **<u>इस लिये सावधानी ही सुरक्षा है।</u>**
- **एड्स से पीड़ित लोगों को संक्रमण होने का ज्यादा खतरा होता है: खांसी-जुकाम, त्वचा संक्रमण, टी.बी. आदि। इन बीमारियों से बचने के लिए उन्हें सावधानी बरतने की जरूरत पड़ती है ।**